प्रशासकीय प्रतिवेदन
2022-23
(31 दिसम्बर 2022 तक)

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

माननीय मुख्यमंत्री जी "इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023" का शुभारंभ करते हुए।

माननीय मुख्यमंत्री जी विदेशी निवेशकों को एमओयू प्रदान करते हुए।

मध्यप्रदेश शासन

प्रशासकीय प्रतिवेदन 2022–23

(31 दिसम्बर 2022 तक)

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

अनुक्रमणिका

क्रमांक	अध्याय		पृष्ठ क्र.
01		विभागीय मंत्री तथा सचिवालय में पदस्थ अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों की जानकारी	1
02	भाग-एक	विभागीय संरचना, अधीनस्थ कार्यालय/निगमों की सामान्य जानकारी, विशेषताएं, महत्वपूर्ण सांख्यिकी	03 – 41
03	भाग-दो	बजट विहंगावलोकन एवं योजनावार प्रावधान, लक्ष्य, व्यय	42 – 44
04	भाग-तीन	राज्य योजनाएं एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं	45 – 50
05	भाग-चार	सामान्य प्रशासनिक विषय	51 – 54
06	भाग-पांच	अभिनव योजना	55 – 56
07	भाग-छ:	विभाग द्वारा निकाले जा रहे प्रकाशन	57
08	भाग-सात	सारांश	58 - 60
09	भाग-आठ	महिलाओं के लिए किए गए कार्य	61

विभाग का नाम
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

मंत्री	माननीय श्री राजवर्धन सिंह	दिनांक 12.07.2020 से निरंतर
प्रमुख सचिव	श्री संजय कुमार शुक्ल	दिनांक 11.05.2020 से 10.11.2022 तक
	श्री मनीष सिंह	दिनांक 11.11.2022 से निरंतर
सचिव	जॉन किंग्सली	दिनांक 11.08.2020 से 10.11.2022 तक
अपर सचिव	श्री विजय कुमार बरोनिया	दिनांक 05.11.2020 से निरंतर
उप सचिव	श्रीमती अंजू पवन भदोरिया	दिनांक 14.12.2022 से 14.02.2023 तक
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी	श्री तरूण कुमार कटारे	दिनांक 11.07.2016 से निरंतर
	विभागाध्यक्ष	
पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं	श्री आलोक नागर	दिनांक 01.06.2016 से निरंतर
प्रभारी संचालक, वाष्पयंत्र	श्री जी.पी. पटेल	दिनांक 01.07.2016 से निरंतर

भाग – 1
विभागीय संरचना



सामान्य जानकारी

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

उद्देश्य- औद्योगीकरण तथा निजी पूंजी निवेश के माध्यम से प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना तथा रोजगार के अवसरों का सृजन

उद्देश्यों की पूर्ति के लिए रणनीति

- ब्रांड एमपी स्थापित करना
- औद्योगिक अधोसंरचना का विकास
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस
- उद्योग संवर्धन नीति-उद्योगों को वित्तीय सहायता
- निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति
- शिकायत निवारण व्यवस्था

वर्तमान में विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण के अंतर्गत दो विभागाध्यक्ष है :-

(1) रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाए, मध्यप्रदेश
(2) संचालक, वाष्पयंत्र, मध्यप्रदेश

वर्तमान में विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रम/बोर्ड निम्नानुसार है:-

सार्वजनिक उपक्रमों के अंतर्गत:-

(1) एम.पी.इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि.
(2) मध्यप्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि.

एम.पी.आई.डी.सी. से संबद्ध सहायक कंपनियां :-

- पीथमपुर ऑटो क्लस्टर
- मध्यप्रदेश प्लास्टिक पार्क डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
- मध्यप्रदेश प्लास्टिक सिटी डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन ग्वालियर लिमिटेड
- डीएमआईसी विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड
- पीथमपुर जल प्रबंधन लिमिटेड

नीतिगत प्रावधान :-

प्रदेश में औद्योगीकरण के लिये किये जा रहे प्रयासों और नीतियों के फलस्वरूप देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों एवं निवेशकों द्वारा प्रदेश में निवेश की रूचि प्रदर्शित की गई है। निवेश के वातावरण को निरंतर बनाये रखने की दृष्टि से उद्योग संवर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2023) प्रभावशील है। नीति के प्रमुख नीतिगत बिंदु निम्नानुसार है :-

- सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार लाकर सभी निवेशकों के लिये एक उपयुक्त परिवेश बनाना ताकि वे आसानी से अपना व्यापार कर सकें।
- वित्तीय प्रोत्साहन और रियायतों से निवेश को आकर्षित करना।

- उद्योगों के लिये भूमि की भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ''भूमि बैंक'' (Land Bank) की स्थापना।
- विकसित औद्योगिक भूमि प्रतिस्पर्धी मूल्य पर निवेशकों को उपलब्ध कराना।
- वृहद श्रेणी की खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में संलग्न उद्योगों एवं सेवाओं तथा वृहद कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड चेन, राईपनिंग चेम्बर, इंडिविज्युअल क्विक फ्रीजिंग आदि को प्रोत्साहित करने तथा अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से विशिष्ट वित्तीय सहायता उद्योग संवर्धन नीति 2014 के अनुक्रम में सम्मिलित की गई।
- टेक्सटाईल सेक्टर में ''मूल्य संवर्धित'' (value added) श्रृंखला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परिधान क्षेत्र की वृहद श्रेणी की निर्माण इकाईयों को विशिष्ट वित्तीय सहायता का प्रावधान दिनांक 09.04.2018 से सम्मिलित किया गया।
- जीएसटी प्रणाली लागू होने से एवं भारत के मध्य स्थल में अवस्थित होने के दृष्टिगत उद्योग सवंर्धन नीति 2014 के अनुक्रम में लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब एवं पार्क को वित्तीय सहायता एवं अन्य सुविधायें दिनांक 22.6.2018 से सम्मिलित की गई।
- जीएसटी प्रणाली लागू होने के फलस्वरूप नीति अंतर्गत देय वेट/सीएसटी/प्रवेश कर छूट सुविधा को विलोपित कर वृहद औद्योगिक परियोजनाओं को टेक्स प्रणाली से पृथक कर निवेश प्रोत्साहन योजना दिनांक 01.04.2018 से 31.3.2022 तक उत्पादन प्रारंभ करने वाली इकाईयों पर लागू किया गया।
- वृहद श्रेणी की बंद इकाईयों के प्रबंधन परिवर्तन उपरांत पुर्नसंचालित करने पर विशेष पैकेज का प्रावधान दिनांक 28.8.2018 से सम्मिलित किया गया।
- निजी क्षेत्र में दिव्यांगजनों को रोजगार प्रदान करने पर विशेष वित्तीय सहायता दिये जाने के प्रावधान दिनांक 28.8.2018 से सम्मिलित किये गये।
- उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत प्रावधानित वित्तीय तथा अन्य सुविधाओं का लाभ लेने वाली इकाईयों को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये कुल रोजगार का 70 प्रतिशत रोजगार मध्यप्रदेश के स्थाई निवासियों को दिया जाना। दिनांक 19.12.2018 के बाद उत्पादन प्रारंभ करने वाली इकाईयों को अनिवार्य किया गया।
- औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक इकाईयों को उनके परिसरों/रूफटॉप पर सौलर पावर प्लांटस की स्थापना द्वारा हरित एवं सस्ती ऊर्जा से लाभावित्त किये जाने हेतु निर्णय लिया गया।
- वृहद श्रेणी की इकाईयों को नीति की प्रभावशील अवधि के दौरान पेटेंट/आईपीआर पंजीकरण हेतु किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति, गुणवत्ता प्रमाणीकरण तथा जांच प्रयोगशाला में व्यय को निवेश प्रोत्साहन सहायता अंतर्गत सम्मिलित करने संबंधी प्रावधान सम्मिलित किये गये। उक्त अनुक्रम में अवशिष्ट प्रबंधन प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों, स्वास्थ्य सुरक्षा उपकरणों तथा जल संरक्षण उपायों की स्थापना पर किये गये व्यय की अधिकतम प्रतिपूर्ति की सीमा रू. 1 करोड तक की गई। परिधान प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिये अधिकतम सहायता में वृद्धि की गई। फार्मास्युटिकल, विनिर्माण इकाईयों को नीति अंतर्गत सुविधाओं का लाभ लेने हेतु उत्पादन दिनांक से 2 वर्ष तक स्लेक पीरियड की सुविधा प्रदान की गई।
- राज्य शासन के आदेश दिनांक 01.05.2021 द्वारा प्रदेश में उपलब्ध ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने हेतु ऑक्सीजन उत्पादन क्षेत्र में नवीन निवेश को आकर्षित करने के उददेश्य से

उद्योग संवर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2020) में ऑक्सीजन उत्पादन इकाईयों एवं ऑक्सीजन उपकरण निर्माण इकाईयों हेतु विशेष वित्तीय सहायता स्वीकृत प्रदान की गई है।

- राज्य शासन के आदेश दिनांक 17.09.2021 से एथेनॉल एवं जैव ईंधन इकाईयों को प्रोत्साहित एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु एथेनॉल एवं जैव ईंधन प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।
- राज्य शासन द्वारा निवेश प्रोत्साहन सहायता योजना के लाभ हेतु योजना की प्रभावशीलता अवधि दिनांक 01.04.2018 से 31.03.2022 तक को संशोधित करते हुये दिनांक 01.04.2018 से नवीन नीति के अधिसूचित होने के दिनांक तक किये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 05.07.2022 से प्रावधान किया गया ।
- राज्य शासन द्वारा जीएसटी प्रणाली लागू होने पर उद्योग संवर्धन नीति 2014 अंतर्गत प्रदान की जा रही सुविधा का लाभ इकाईयों को दिए जाने हेतु विक्रय गणक की गणना के संदर्भ में विक्रय का आशय विक्रय के मूल्य से होने एवं सुविधा/सहायता की गणना में विक्रय गणक का आंकलन विक्रय मूल्य के आधार पर किये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 25.11.2022 से प्रावधान किया गया ।
- राज्य शासन द्वारा उद्योग संर्वधन नीति 2014 अंतर्गत परिधान निर्माण क्षेत्र की वृहद श्रेणी की इकाईयों हेतु विशिष्ट वित्तीय सहायता का लाभ दिनांक 01.04.2018 से नवीन उद्योग संवर्धन नीति के अधिसूचित होने की दिनांक तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली इकाईयों को दिये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 06.01.2023 से प्रावधान किया गया है ।
- राज्य शासन द्वारा उद्योग संवर्धन नीति 2014 अंतर्गत लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब/पार्क को विशिष्ट वित्तीय सहायता का लाभ आदेश जारी होने की दिनांक अर्थात् 22.06.2018 से नवीन उद्योग संवर्धन नीति के अधिसूचित होने की दिनांक तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली इकाईयों को दिए जाने हेतु शासनादेश दिनांक 06.01.2023 से प्रावधान किया गया है ।

निवेश संवर्धन पर मंत्रिपरिषद समिति : -

राज्य शासन के आदेश दिनांक 31.01.2013 द्वारा मध्यप्रदेश निवेश संवर्धन अधिनियम 2008 के अंतर्गत निवेश प्रस्ताव पर कस्टमाईज्ड पैकेज प्रदान करने हेतु निवेश संवर्धन पर मंत्रिपरिषद समिति का गठन किया गया।

निवेश प्रस्ताव : -

वित्तीय वर्ष 2022-23 की अवधि में माह अप्रैल 2022 से दिसबंर 2022 तक निवेश संवर्धन पर मंत्रिपरिषद समिति की कुल 04 बैठकें आयोजित की गई, जिनमें रू. 53516.71 करोड़ के 24 नवीन /विस्तार/शवलीकृत औद्योगिक इकाईयों की स्थापना संबंधी निवेश प्रस्तावों को कस्टमाईज्ड पैकेज प्रदान किये जाने हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृत परियोजनाओं में लगभग 15181 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होना संभावित है।

माननीय मुख्यमंत्री जी की निवेशकों से वन-टू-वन बैठक : -

माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निवेशकों के साथ समय-समय पर बैठके आयोजित कर समस्याओं का निराकरण कर प्रदेश में निवेश हेतु मार्ग प्रशस्त किया गया।

➢ **प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक : -**

प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की स्थापना वर्ष 2013 में केन्द्रीय सचिवालय, भारत सरकार के अधीन विशेष सेल/कक्ष के रूप में की गयी थी। वर्ष 2015 में पीएमजी का प्रशासनिक नियंत्रण प्रधानमंत्री कार्यालय को हस्तांतरित किया गया। वर्ष 2019 में पीएमजी का इन्वेस्ट इण्डिया, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ विलय किया गया।

प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (https://pmg.dpiit.gov.in/) रुपये 500 करोड़ से अधिक के अनुमानित निवेश वाली परियोजनाओं के संबंध में आवश्यक अनुमोदन/मंजूरी की फास्ट-ट्रैकिंग और समस्या समाधान में तेजी लाने के लिए एक संस्थागत तंत्र है।

माह अप्रैल 2022 से दिसबंर 2022 की अवधि में पीएमजी की राज्य स्तरीय बैठक मान. संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 22.06.2022 को आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप तथा केन्द्र एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया गया।

मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2019(यथा संशोधित 2022) : -

प्रदेश में विकसित/ विकासाधीन एवं अविकसित भूमि के उचित एवं कुशल प्रबंधन हेतु मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2019 लागू है, जिसकी मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है :-

- विकसित एवं विकसित की जाने वाली औद्योगिक प्रयोजन की भूमि में 01 हैक्टेयर तक 75 प्रतिशतएवं 01 हैक्टेयर से 20 हैक्टेयर तक 50 प्रतिशत भूमि के मूल्य में छूट दिये जाने का प्रावधान किया गया है ।
- औद्योगिक क्षेत्र में पट्टाग्रहिता इकाई को 05 प्रतिशत भूमि अधिकतम 05 एकड़ भूमि पर श्रमिक/तकनीकी स्टॉफ के निवास हेतु, भवन निर्मित करने का प्रावधान किया गया है।
- उद्योग उपयोगी सेवा प्रदाता इकाईयां जैसे- लॉण्ड्री, स्टीम, नेच्युरल गैस, विद्युत प्रदाता इकाईयों को भूमि आवंटन, वृक्षारोपण हेतु अनुमति देने का प्रावधान किया गया है ।
- इकाई द्वारा निर्धारित भू-भाटक का 10 गुना एकमुश्त जमा करने पर आगामी 20 वर्षों तक भू-भाटक से मुक्ति का प्रावधान किया गया है।
- भूमि का अधिकाधिक सदुपयोग सुनिश्चित करने हेतु औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों के लिये विकास के मानदण्ड निर्धारित किये गये हैं, जिसमें निर्मित क्षेत्र अधिकतम 75 प्रतिशत एवं फर्शी क्षेत्रानुपात (एफ.ए.आर.) अधिकतम 2 किये जाने का प्रावधान किया गया है।
- औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की अधिसूचना दिनांक 05.08.2022 द्वारा कतिपय औद्योगिक क्षेत्रों में प्रब्याजी एवं विकास शुल्क में छूट तथा किश्तों में भुगतान की सुविधा का लाभ निवेशकों को दिया जाना प्रावधानित किया गया है ।
- बंद इकाईयों को आवंटित भूमि का विभाजन एवं हस्तांतरण के प्रावधान भी किये गये हैं ।

अधीनस्थ कार्यालय/निगमों की सामान्य जानकारी

कार्यालय रजिस्ट्रार,फर्म्स एवं संस्थाएं, मध्यप्रदेश

दायित्व :- इस कार्यालय को निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन का कार्य सौंपा गया है :-

(अ) भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932

(ब) मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973

(1) **भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932-** इस अधिनियम के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं :-

(अ) व्यापारिक भागीदारी फर्मों को रजिस्ट्रीकृत करना।

(ब) फर्मों की रचना में परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदनों को रिकॉर्ड में दर्ज करना।

(स) भागीदारों एव अन्य द्वारा चाहे जाने पर प्रलेखों की प्रतियां जारी करना।

इस अधिनियम के तहत विगत 05 वर्षों में रजिस्ट्रीकृत की गई फर्मों की संख्या वर्षवार निम्नानुसार है :-

वर्ष	पंजीयत फर्म्स की संख्या
2018-2019	1987
2019-2020	1919
2020-2021	2199
2021-2022	2185
2022–2022	1362(दि.31/12/2022 की स्थिति में)

(2) **मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 –** इस अधिनियम के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं :-

(अ) शैक्षणिक, सांस्कृतिक, परोपकारी, जनकल्याणकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं को रजिस्ट्रीकृत करना।

(ब) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अधीन प्राप्त आवेदनों को निराकृत करना।

(स) संस्थाओं एवं अन्य द्वारा चाहे जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के अधीन प्राप्त प्रलेखों की प्रतियां नियमानुसार जारी करना।

(द) रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं की जांच, विशेष ऑडिट, निरीक्षण एवं शासन द्वारा प्रशासक नियुक्ति आदि के कार्य किए जाते हैं।

इस अधिनियम के तहत विगत 05 वर्षों में रजिस्ट्रीकृत की गई संस्थाओं की संख्या वर्षवार निम्नानुसार है :-

वर्ष	पंजीयत फर्म्स की संख्या
2018-2019	6158
2019-2020	6443
2020-2021	4450
2021-2022	3698
2022-2023	2448(दि.31/12/2022 की स्थिति में)

(3) **एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से रजिस्ट्रीकरणः-** मुख्यालय के अंतर्गत सभी सात संभागीय कार्यालयों में जन सामान्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये एम. पी. ऑनलाईन के माध्यम से संस्थाओं एवं फर्मों के ऑनलाईन पंजीयन का कार्य किया जाकर ई-साइन डिजीटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र भेजे जा रहे हैं। पंजीयन प्रकरण आनलाईन अनुमोदित किये जाकर ई-साइन के उपरांत स्वीकार किये जाकर आनलाइन प्रमाणपत्र जारी किये जा रहे है । कार्यालय द्वारा समयसीमा में पंजीयन प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है । निराकरण ना होने की दशा में डीम्ड अनुमोदन तथा डीम्ड प्रमाणपत्र जारी किये की व्यवस्था लागू की गई है ।

(4) कार्यालयीन मूल रेकार्ड का डिजिटाईजेशनः- कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं के मूल रेकार्ड के डिजिटाईजेशन का कार्य, कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा जनभागीदारी से नवम्बर 2017 से प्रारम्भ किया है । इसके अंतर्गत प्रदेश के 7 संभागीय कार्यालयों की लगभग 1 लाख 40 हजार संस्थाओं के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र तथा ज्ञापन-नियमावाली के स्केनिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। स्केनिंग के पश्चात फाईलों को अपलोड कर डेटा एन्ट्री का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है । साथ ही जिन संस्थाओं के रिकार्ड की डेटा एन्ट्री हो चुकी है, के वेरीफिकेशन का कार्य भी कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा 80 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है । शेष रेकार्ड की डेटा एन्ट्री एवं वेरीफिकेशन का कार्य प्रगति पर है।

(5) **लोक सेवा गारंटी :-** मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 के तहत कार्यालय रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं, मध्यप्रदेश द्वारा प्रशासित मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 एवं भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की कुल 21 सेवाएं सम्मिलित की गई हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है –

स.क्र.	सेवा क्र.	विवरण
01.	36.1	मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम,1973 के प्रावधानों के अनुसार समिति, युवामंडल, महिला मंडल आदि स्वयं सेवी संस्थाओं के रजिस्ट्रीकरण संबंधी सेवा (धारा 7)
02.	36.2	मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार समिति, युवामंडल, महिला मंडल आदि स्वयं सेवी संस्थाओं के पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी तत्काल सेवा (धारा 7)
03.	36.3	मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार समिति, युवामंडल, महिला मंडल आदि स्वयं सेवी संस्थाओं के पंजीयन आवेदन के अनुमोदन संबंधी सामान्य सेवा (धारा 7)
04.	36.4	मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार समिति, युवामंडल, महिला मंडल आदि स्वयं सेवी संस्थाओं के पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी सामान्य सेवा (धारा 7)
05.	36.5	मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत उपविधियों में संशोधन आवेदन के अनुमोदन संबंधी सेवा (धारा 10 एवं 13)
06.	36.6	मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार पंजीकृत उपविधियों में संशोधन आवेदन की स्वीकृति संबंधी सेवा (धारा 10 एवं 13)
07.	36.7	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन भागीदारी फर्म के पंजीयन आवेदन के अनुामेदन संबंधी सेवा (धारा 59)
08.	36.8	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन भागीदारी फर्म के पंजीयन

स.क्र.	सेवा क्र.	विवरण
		प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी सेवा (धारा 59)
09.	36.9	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म के नाम में या कारोबार के प्रमुख स्थान में परिवर्तन के वृत्तान्त पत्र के अनुमोदन संबंधी सेवा (धारा 60)
10.	36.10	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म के नाम में या कारोबार के प्रमुख स्थान में परिवर्तन के वृत्तान्त पत्र की स्वीकृति संबंधी सेवा (धारा 60)
11.	36.11	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन शाखाओं को बंद करने और खोलने को टिप्पणित किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन के अनुमोदन संबंधी सेवा (धारा 61)
12.	36.12	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन शाखाओं को बंद करने और खोलने को टिप्पणित किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन की स्वीकृति संबंधी सेवा (धारा 61)
13.	36.13	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन भागीदारों के नामों और पतों में तब्दीलियों को टिप्पणित किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन के अनुमोदन संबंधी सेवा (धारा 62)
14.	36.14	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन भागीदारों के नामों और पतों में तब्दीलियों को टिप्पणित किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन की स्वीकृति संबंधी सेवा (धारा 62)
15.	36.15	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म के भागीदारों के तब्दीलियों और उसके विघटन से संबंधित आवेदन के अनुमोदन संबंधी सेवा (धारा 63 (1))
16.	36.16	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म के भागीदारों के तब्दीलियों और उसके विघटन से संबंधित आवेदन की स्वीकृति संबंधी सेवा (धारा 63 (1))
17.	36.17	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म के अवयस्क भागीदार के वयस्क होने के अभिलेख के अनुमोदन संबंधी सेवा (धारा 63 (2))
18.	36.18	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म के अवयस्क भागीदार के वयस्क होने के अभिलेख की स्वीकृति संबंधी सेवा (धारा 63 (2))
19.	36.19	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन भूलों का परिशोधन (धारा 64)
20.	36.20	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन फर्म संबंधी दस्तावेजों का निरीक्षण (धारा 66)
21.	36.21	भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन प्रतियों का दिया जाना (धारा 67)

(6) **महत्वपूर्ण सांख्यिकी** :- इस कार्यालय की आय वृद्धि हेतु शासन द्वारा अधिनियमों में पारदर्शिता लाने के लिये आवश्यक संशोधन किये गये तदुपरांत इस कार्यालय की आय में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। विगत 05 वर्षों का विवरण निम्नानुसार हैः-

वर्ष	लक्ष्य	आय (लाख में)
2018-2019	900.00 लाख	1133.75 लाख
2019-2020	1000.00 लाख	1353.72 लाख
2020-2021	1050.00 लाख	1217.36 लाख
2021-2022	1100.00 लाख	1558.11 लाख
2022-23	1150.00 लाख	1213.55 लाख (दि.31/12/2022 की स्थिति में)

संचालक, वाष्पयंत्र मध्यप्रदेश

दायित्व:- मध्यप्रदेश राज्य में बायलर अधिनियम 1923, भारतीय बायलर विनियम 1950, मध्यप्रदेश बायलर नियम 1969 व मध्यप्रदेश मितोपयोजक नियम 1959 का पालन सुनिश्चित करना एवं बायलर परिचारक नियम 2011 एवं बायलर चालन इंजीनियर नियम 2011 के अन्तर्गत परीक्षाओं का आयोजन कर योग्यताधारी उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र प्रदान करना ।

सामान्य जानकारी:-

1. राज्य में स्थित उद्योगों में स्थापित बायलरों का निरीक्षण कर वैधता प्रमाण-पत्र जारी कर राज्य के उद्योगों में बायलर संबंधी दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना ताकि उद्योगों में होने वाली जन धन की हानि को रोका जा सके एवं दक्षतापूर्ण बायलरों का उपयोग ।
2. राज्य में स्थापित होने वाले नवीन बॉयलरों का पंजीयन करना।
3. राज्य में होने वाली बायलर संबंधी दुर्घटनाओं की जॉच करना।
4. राज्य में निर्माण होने वाले बायलरों का तकनीकी परीक्षण एवं निर्माण के दौरान निरीक्षण ।
5. राज्य से अन्य राज्यों में स्थानांतरित होने वाले व राज्य में अन्य राज्यों से स्थानांतरित हुए बायलरों का रेकार्ड रखना ।
6. बायलर एवं स्टीम लाईन के विभिन्न प्रेशर पार्टस की डिजाईन ड्राइंग का परीक्षण एवं निरीक्षण ।
7. स्टीम पाईप लाईन के मानचित्र का अनुमोदन एवं निरीक्षण ।

मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 :-

मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत संचालक, वाष्पयंत्र मध्यप्रदेश की निम्न सेवाऐं अधिसूचित की गयी है –

क्र	सेवा क्र.	विवरण
1	38.1	बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 7 के अन्तर्गत बायलर का पंजीयन
2	38.2	बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 8 के अन्तर्गत बायलर का निरीक्षण
3	38.3	भारतीय बायलर विनियम, 1950 के विनियम 392(5) के अंतर्गत बायलर निर्माणकर्ता इकाईयों का अनुमोदन
4	38.4	भारतीय बायलर विनियम, 1950 के विनियम 392(5) के अंतर्गत बायलर इरेक्शनकर्ता इकाईयों का अनुमोदन
5	38.5	भारतीय बायलर अधिनियम 1950 के विनियम 392(5) के अंतर्गत बायलर सुधारक के रूप में पंजीयन
6.	38.6	भारतीय बायलर अधिनियम 1950 के विनियम 388 के अंतर्गत बायलर के स्थानांतरण की अनुमति
7.	38.7	बायलर अधिनियम 1923 की धारा 4 सी के अंतर्गत बायलर के विनिर्माण की अनुमति

महत्वपूर्ण सांख्यिकी : –

प्रतिवेदित अवधि में दिनांक 01.04.2022 से 31.12.ल2022 तक बायलर संचालनालय द्वारा किये गये बायलर निरीक्षण का समस्त ब्यौरा निम्नानुसार है ।

1	बॉयलर्स जिनका सम्पूर्ण निरीक्षण किया गया	580
2	बायलर्स जिनका जलदाब भार निरीक्षण किया गया	603
3	बॉयलर्स जिनका वाष्पभार निरीक्षण किया गया	76
4	बॉयलर्स जिनके प्रमाण-पत्र जारी किये गये	543
5	बॉयलर्स जिनको अनंतिम प्रमाण-पत्र दिये गये	148
6	इकोनामाइजर्स जिनका सम्पूर्ण निरीक्षण किया गया	15
7	इकोनामाइजर्स जिनके प्रमाण-पत्र जारी किये गये	15
8	इकोनामाइजर्स जिनके अंतःकालीन प्रमाण-पत्र जारी किये गये	07
9	बॉयलर्स जिनको कम अवधि के प्रमाण-पत्र दिये गये	00
10	बायलर्स जिनका वाष्पभार कम किया गया	01
11	बायलर्स जिनके लिये दुरूस्ति के आदेश दिये गये	05
12	बॉयलर्स जो मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों को स्थानांतरित हुए	07
13	बॉयलर्स जो मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों से स्थानांतरित हुए	03
14	दुर्घटना संबंधी रिपोर्ट जिसकी जांच की गई	01
15	नवीन बॉयलर्स पंजीकरण	66
16	नवीन इकोनामाइजर्स पंजीकरण	04
17	जारी वेल्डर्स प्रमाण-पत्र	00
18	वेल्डर्स प्रमाण-पत्र पृष्ठांकन संख्या	76

मध्यप्रदेश स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल

मध्यप्रदेश स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल (एमपीएसआईडीसी) पूर्व में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड, मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग (उद्योग, वाणिज्य और रोजगार विभाग पूर्व नाम) के अंतर्गत शासन का एक उपक्रम है। जिसका ध्येय प्रदेश में स्थापित होने वाले वृहद तथा मध्यम श्रेणी की इकाईयों को विभिन्न प्रकार की सहायता कर प्रदेश के औद्योगिकरण की गति को तेज करना था, जिससे मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना सके । निगम का मुख्यालय 'एव्हीएन टावर', प्लाट नंबर 192, जोन-1, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित है। निगम का गठन 13 सितम्बर 1965 को कंपनीज एक्ट 1956 के प्रावधानों के अनुसार किया गया था, जिसमें शत प्रतिशत अंशपूंजी में राशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा वेष्ठित की गई है।

वर्तमान में निगम का कार्य मुख्यत- निगम में वितरित ऋणों की वसूली किया जाना है। निगम के संचालक निगम के मेमोरेण्डम एण्ड आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के प्रावधानों के अंतर्गत कार्य करते हैं ।

मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल

एम.पी. ट्रायफेक लिमिटेड का गठन वर्ष 2004 में तत्कालीन वाणिज्य उद्योग और रोजगार विभाग (वर्तमान में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग) के अंतर्गत किया गया। रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, ग्वालियर द्वारा दिनांक 26.11.2018 को एम.पी. ट्रायफेक का नाम परिवर्तन कर एमपी इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. किया गया है। एमपी इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. के क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर एवं रीवा के रूप में कार्यरत है।

वर्तमान में एम.पी. इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल द्वारा निम्नकार्य/ दायित्व संपादित/निर्वहन किये जा रहे हैं :-

- राज्यों में औद्योगिक विकास, पूंजी निवेश एवं रोजगार सृजन हेतु समुचित सहायता।
- समस्त वित्तीय सुविधाओं की स्वीकृति तथा वितरण की नोडल एजेंसी।
- परियोजना स्वीकृति के लिये एकल खिड़की प्रणाली के सचिवालय के रूप में कार्य करना।
- उद्यमियों द्वारा किए जा रहे पूंजी निवेश के दौरान शासकीय विभागों/संस्थाओं तथा उद्यमियों के मध्य समन्वय।
- राज्य में उपयुक्त औद्योगिक एवं व्यवसायिक वातावरण बनाए रखने के लिये उद्यमी/ उद्योग संघों से चर्चा उपरांत नीति एवं नियमों पर शासन को सलाह/प्रस्ताव प्रस्तुत करना।
- राज्य में पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं संगोष्ठियों के माध्यम से संभावनाओं एवं जानकारियों का प्रचार-प्रसार करना।
- भारत के अन्य राज्यों में हो रहे विकास को दृष्टिगत रखते हुए नीतिगत सुधारों हेतु पहल करना।
- प्रदेश में औद्योगिक अधोसंरचना विकास, नियोजन एवं प्रबंधन का दायित्व।
- डी.एम.आई.सी. परियोजना क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी का दायित्व।
- निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति हेतु नोडल एजेंसी।
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन, निवेश प्रस्तावों की प्राप्ति एवं निवेश प्रोत्साहन एवं अनुसरण तथा उनके क्रियान्वयन के मॉनिटरिंग हेतु नोडल एजेंसी।
- निर्यात गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु नोडल एजेंसी।
- व्यापार संवर्धन सलाहकार मण्डल के सचिवालय का दायित्व निर्वहन।
- सीएसआर फेसिलिटेशन हेतु राज्य नोडल एजेंसी।
- लोकहित में उघोगों के फेसिलिटेशन हेतु राज्य शासन एवं निगम के संचालक मण्डल व्दारा निर्दिष्ट व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन करना।
- वृहद अधोसंरचना तथा विनिर्माण परियोजनाओं की समस्या के समाधान हेतु गठित भारत सरकार, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप हेतु राज्य नोडल एजेंसी।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमेप :-

मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये आर्थिक रूप से सक्षम और संपन्न बनाना महत्वपूर्ण कदम होगा । राज्य में निवेश को आकर्षित करने हेतु कई ठोस कदम उठाये गये हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में विभाग से संबंधित विषयों के क्रियान्वयन हेतु रोडमेप तैयार किया गया है। 30 दिवस में व्यवसाय शुरू करने के लिये विभिन्न प्रकियाओं का सरलीरकण कर ऑनलाईन व्यवस्था, एक जिला एक उत्पाद का चयन, निवेश कॉरीडोर, राज्य में व्यापार मेलों और निर्यात संबंधित क्षेत्रों के लिये कार्ययोजना, चंबल प्रोग्रेस वे, नर्मदा एक्सप्रेस वे को प्रमुख औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित करना आदि विषय सम्मिलित किये गये हैं।

- **औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग से संबंधित लोक सेवा गारंटी अधिनियम,2010 के अंतर्गत अधिसूचित सेवाएं :-**

क्र.	सेवा क्र.	सेवाएं
1	20.8	आशय पत्र जारी करना- 1. इकाई अंतर्गत प्लांट एवं मशीनरी तथा शेड एवं बिल्डिंग में संयुक्त रूप से राशि रू. 10 करोड़ के बराबर अथवा उससे अधिक निवेश प्रस्तावित करने की स्थिति में । 2. इकाई अंतर्गत प्लांट एवं मशीनरी तथा शेड एवं बिल्डिंग में संयुक्त रूप से राशि रू. 10 करोड़ से कम निवेश प्रस्तावित करने की स्थिति में।
2	20.9	आवंटन आदेश जारी करना।
3	20.10	पट्टा अभिलेख का निष्पादन।
4	20.11	आधिपत्य प्रदान करना।
5	20.12	नगरीय क्षेत्रों में एमपीआईडीसी लि. के अधीन विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में भवन निर्माण की अनुमति ।
6	20.13	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की सेवा क्रमांक- (अ) आशय पत्र जारी करना 20.13 (वित्तीय सुविधा/सहायता हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र (उद्योग नीति अनुसार)।
7	(ब) 20.14	वित्तीय सुविधा/सहायता की पात्रता का निर्धारण।
8	20.15	उद्योग निवेश संवर्धन सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
9	20.16	वृहद श्रेणी की टेक्सटाईल इकाईयों हेतु ब्याज अनुदान अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
10	20.17	अधोसंरचना विकास पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति (बिजली, पानी एवं सड़क निर्माण हेतु) अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
11	20.18	औद्योगिक पार्क की स्थापना/ विकास हेतु सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
12	20.19	वृहद श्रेणी की इकाईयों हेतु अपशिष्ट प्रबंध प्रणालियों (ईटीपी/एसटीपी आदि) की स्थापना पर पूंजी अनुदान (हरित औद्योगिकीकरण) अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।

क्र.	सेवा क्र.	सेवाएं
13	37.1	म.प्र. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. के अधीन विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में इकाईयों को जल आवंटन।
14	37.2	म.प्र. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. के अधीन विकसित एवं विकासाधीन औद्योगिक क्षेत्रों तथा निगम के आधिपत्य की अविकसित भूमि में जल प्रदाय की उपलब्धता/ अनुपलब्धता का प्रमाण पत्र।
15	37.3	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अंतर्गत एमपीआईडीसी द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं से संबंधित निवेशकों द्वारा दर्ज सभी प्रश्नों के संदर्भ में समुचित कार्यवाही एवं निराकरण सुनिश्चित करने हेतु।
16	37.4	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अंतर्गत एमपीआईडीसी द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं से संबंधित निवेशकों द्वारा दर्ज सभी शिकायतों के संदर्भ में समुचित कार्यवाही एवं निराकरण सुनिश्चित करने हेतु।
17	37.5	एमपीआईडीसी द्वारा उपार्जन हेतु जारी (सेवा/कार्य/सामग्री) निविदाओं के अनुमोदन पर निर्णय।
18	37.6	निविदा दस्तावेज अनुसार तयशुदा कार्य पूर्ण होने पर विक्रेताओं को भुगतान।
19	37.7	निवेश प्रोत्साहन सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
20	37.8	गुणवत्ता प्रमाणीकरण एवं जॉच प्रयोगशाला को वित्तीय सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
21	37.9	पेटेंट/आईपीआर पंजीकरण हेतु किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
22	37.10	एपरेल प्रशिक्षण संस्था की स्थापना हेतु सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
23	37.11	परिधान क्षेत्र (गारमेन्टिंग सेक्टर) को विशिष्ट वित्तीय सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
24	37.12	लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग हब/पार्क को विशेष वित्तीय सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।
25	37.13	कृषि/उद्यानिकी/ डेयरी प्रोसेसिंग हेतु कोल्ड चेन की स्थापना हेतु सहायता अंतर्गत क्लेम की स्वीकृति।

➢ **उददेश्यों की पूर्ति हेतु संचालित गतिविधियां एवं कार्ययोजना :-**

1. सिंगल विण्डो/आई टी संबंधी जानकारी : –

(i) इन्टेंशन टू इन्वेस्ट :- 01.04.2022 से 31.12.2022 के दौरान एमपीआईडीसी की वेबसाइट के माध्यम से निवेशकों द्वारा विभागीय सिंगल विण्डो सिस्टम अंतर्गत 553 निवेश आशय प्रस्ताव दर्ज किए गए जिनमें रू. 201675.85 करोड़ का पूंजी निवेश प्रस्तावित है तथा 148815 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होने की संभावना है।

(ii) INVEST (Integrated New Venture Establishment) पोर्टल :–

- निवेशकों की औद्योगिक परियोजनाओं का प्रस्ताव प्राप्त होते ही उसके क्रियान्वयन, पूर्ण होने तथा इकाई को स्वीकृत व समस्त सुविधाओं के वितरण सहित उसके पूरे जीवन चक्र की मॉनिटरिंग के लिए इन्वेस्ट (Integrated New Venture Establishment) नाम से पोर्टल तैयार किया गया है। सशक्त सिंगल विण्डो प्रणाली के तहत इस पोर्टल के माध्यम से सभी प्रक्रियाओं की सतत् समीक्षा की जाकर निर्धारित समय-सीमा में अनुमतियां/सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन को समयबद्ध रूप में फेसिलिटेट किया जा रहा है।
- राज्य के सिंगल विंडो सिस्टम अर्थात् इन्वेस्ट पोर्टल 2.0 का नेशनल सिंगल विण्डो सिस्टम के साथ इंटीग्रेशन माह फरवरी 2022 में सफलता पूर्वक किया गया है। मध्यप्रदेश नेशनल सिंगल विण्डो सिस्टम में शामिल होने वाले प्रथम 12 राज्यों में से एक है।
- राज्य के सिंगल विंडो सिस्टम http//invest.mp.gov.in को भारत सरकार के नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम Integrate किया गया हैं। यह प्रणाली किसी भी व्यवसाय/उद्योग के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन (सिंगल विंडो सिस्टम) के रूप में कार्य करती है। वर्तमान में इस पोर्टल पर 12 विभागों से संबंधित 46 सेवाएं उपलब्ध हैं जिसमें निरंतर नई सेवाये जोड़ी जा रहीं हैं।

(i) ईज ऑफ डूइंग बिजनेस :-

- उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन हेतु विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं से अनुमतियॉ एवं स्वीकृतियों की आवश्यकता होती है। किसी भी प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में पूंजी निवेश आकर्षित करने के संदर्भ में Ease of Doing Business का विषय अत्यंत प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो गया है। इस संबंध में राज्य शासन की पहल पर विभिन्न विभागों के स्तर पर प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में कार्यवाही की जा रही है और आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, भारत सरकार और विश्व बैंक द्वारा आयोजित ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान के अंर्तराज्यीय मूल्यांकन में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2015 तथा 2016 में पांचवीं रैंक, 2017-18 में सातवीं रैंक तथा 2019 में चौथी रैंक प्राप्त की है, साथ ही वर्ष 2020 की रैंकिंग में राज्य को Achievers की श्रेणी में रखा गया है।
- **बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान (BRAP) 2022** के लिए DPIIT भारत सरकार द्वारा कुल 352 रिफॉर्म (261- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, 91-ईज ऑफ लिविंग प्राप्त हुए हैं, जिन्हें राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित कर दिनांक 30 नवम्बर 2022 को DPIIT के पोर्टल पर Response जमा कर दिये गए हैं।
- **रिड्यूसिंग कम्प्लाइन्स बर्डन (RCB)** उद्योगों तथा नागरिकों पर अनुपालन बोझ को कम करने एवं "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" एवं "ईज ऑफ लिविंग" बढ़ावा देने के उद्देश्य से DPIIT भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किये गए रिड्यूसिंग कम्प्लाइन्स बर्डन कार्यक्रम के प्रथम चरण जो 15 अगस्त 2021 को समाप्त हुआ था, में प्रदेश द्वारा कुल 1896 अनुपालनों को कम अथवा समाप्त किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण जो 15 अगस्त 2022 को समाप्त हुआ है, में मध्यप्रदेश द्वारा 531 अनुपालन बोझों को कम अथवा समाप्त किया गया है। इस प्रकार प्रदेश द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक कुल 2427 अनुपालन बोझों को सफलतापूर्वक कम अथवा समाप्त किया गया है।
- **स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज-** प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढावा देने हेतु स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज योजना को प्रारंभ किया गया है। इस अभिनव पहल के फलस्वरुप 08 विभागों की

44 सेवाओं की अनुमोदन समयावधि 30 कार्यदिवस या उससे कम कर दी गई है। 35 सेवाओं में डीम्ड अप्रूवल का प्रावधान किया गया है।

2. इन्वेस्टमेंट ड्राईव :-

प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने हेतु ''डेस्टिनेशन मध्यप्रदेश इन्वेस्टमेंट ड्राईव'' निर्वाध रूप से एक सतत् प्रक्रिया स्वरूप चल रहा है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रोड-शो, वर्चुअल इवेंट्स एवं अन्य कार्यक्रमों का अयोजन एवं कार्यक्रमों में भागीदारी करते हुये निवेशकों से सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है।

प्रदेश की आकर्षक निवेश नीतियों से वैश्विक निवेशकों को अवगत कराने, प्रदेश को निवेश हेतु आकर्षक राज्य के रूप में प्रदर्शित करने तथा मध्यप्रदेश की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2022-23 (1 अप्रैल 2022 से 31 जनवरी 2023 तक) में आयोजित/भागीदारी किये गये कार्यक्रम निम्नानुसार हैं :-

क्र	ईवेंट/रोड शो	राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय/ वर्चुअल	ईवेंट दिनांक	स्थान
1	इंडिया फार्मा एण्ड मेडिकल डिवाइस	राष्ट्रीय	25 से 28 अप्रैल, 2022	नई दिल्ली
2	मध्यप्रदेश ऑटो एक्सपो-2022	राष्ट्रीय	28 से 30 अप्रैल, 2022	इंदौर, मध्यप्रदेश
3	मुम्बई रोड शो एवं सीआईआई वेस्टर्न रीजन एनुअल मीटिंग	राष्ट्रीय	21 से 22 जुलाई, 2022	मुम्बई, महाराष्ट्र
4	दिल्ली रोड शो 2022	राष्ट्रीय	02 सितम्बर, 2022	नईदिल्ली
5	मंथन- 2022	राष्ट्रीय	07 से 09 सितम्बर, 2022	बैंगलौर, कर्नाटक
6	अन्नपूर्णा अनुफूड इंडिया 2022	राष्ट्रीय	14 से 16 सितम्बर, 2022	मुम्बई, महाराष्ट्र
7	नॉनवुवन टेक एशिया 2022	राष्ट्रीय	23 से 25 सितम्बर, 2022	नईदिल्ली
8	ग्रामोदय मेला	राष्ट्रीय	09 से 12 अक्टूबर, 2022	चित्रकूट, मध्यप्रदेश
9	एस-सी, एस-टी बिजनेस कॉन्क्लेव	राष्ट्रीय	12 अक्टूबर, 2022	भोपाल, मध्यप्रदेश
10	विजिट ऑफ हेड ऑफ मिशन टू मध्यप्रदेश	राष्ट्रीय	17 से 18 अक्टूबर, 2022	भोपाल, मध्यप्रदेश
11	डेफएक्सपो-2022	राष्ट्रीय	18 से 22 अक्टूबर, 2022	गॉधीनगर, गुजरात

क्र	ईवेंट/रोड शो	राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय/ वर्चुअल	ईवेंट दिनांक	स्थान
12	इन्वेस्ट एम. पी सेमिनार, एमबेस्डर मीट एण्ड जीआईएस-2023 कर्टेन रेजर	राष्ट्रीय	20 अक्टूबर, 2022	नई दिल्ली
13	इन्वेस्ट एम. पी सेमिनार	राष्ट्रीय	21 अक्टूबर, 2022	पूणे, महाराष्ट्र
14	इन्वेस्ट एम. पी सेमिनार एण्ड वन टू वन मीटिंग	राष्ट्रीय	10 एवं 11 नवम्बर, 2022	मुम्बई, महाराष्ट्र
15	टेक्सटाईल इनोवेशन मेला	राष्ट्रीय	21 नवम्बर, 2022	सूरत, गुजरात
16	इन्वेस्ट एम. पी सेमिनार, राउण्डटेबल एण्ड वन टू वन मीटिंग, बैंगलौर	राष्ट्रीय	24 नवम्बर, 2022	बैंगलौर, कर्नाटक
17	प्रवासी भारतीय दिवस - 2023	राष्ट्रीय	08 से 10 जनवरी, 2023	इंदौर, मध्यप्रदेश
18	इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - 2023	राष्ट्रीय	11 एवं 12 जनवरी, 2023	इंदौर, मध्यप्रदेश

उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 2022-23 में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों/अधिकारियों द्वारा विभिन्न वेबिनार, वीडियो कॉन्फ्रेंस एवं अन्य वर्चुअल कार्यक्रमों में भी भागीदारी की गई ।

- **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023:-**

मध्यप्रदेश के प्रमुख निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम ''इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023'' (जीआईएस-2023) का आयोजन दिनांक 11 एवं 12 जनवरी, 2023 को इंदौर, मध्यप्रदेश में किया गया। इस आयोजन का उददेश्य देश एवं विदेश के बड़े उद्योगपतियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एकल मंच प्रदान करना था, जिससे की निवेशकों एवं अन्य हितधारकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश की संभावनाओं एवं आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जा सके ।

जीआईएस-2023 में क्षेत्र विशेष ''20 थीमेटिक सेशन्स'' का आयोजन किया गया, जिसका उददेश्य संबंधित क्षेत्रों के विकास एवं निवेश प्रोत्साहन पर पैनल चर्चा किया जाना था। साथ ही एक औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन भी जीआईएस-2023 के अभिन्न अंग के रूप में किया गया, जिसमें विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं के प्रदर्शन हेतु एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया गया।

जीआईएस-2023 में लगभग 5,000 इण्डस्ट्री केप्टन्स एवं जी20 देशों सहित 84 देशों से 400+ अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक खरीददारों द्वारा भागीदारी की गई। साथ ही विभिन्न बी2बी एवं बी2जी चर्चाओं का आयोजन भी किया गया। जीआईएस-2023 में लगभग रू 15.42 लाख करोड़ के ''इन्टेशन टू इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश'' प्राप्त हुये, जिसमें लगभग 29 लाख रोजगार का सृजन होना संभावित है।

3. औद्योगिक अधोसंरचना विकास :-

(i) नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना :-

प्रदेश में विगत वर्षों में चलाये जा रहे निवेश प्रोत्साहन अभियानों के तहत वैश्विक स्तर पर निवेशकों को आकर्षित करने हेतु अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर, विकसित औद्योगिक भूखंडों के सुलभ विकल्प उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से चरणबद्ध तरीके से नवीन औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश शासन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के आदेश क्रमांक एफ-17-20/2022/ए-ग्यारह दिनांक 11.04.2022 के द्वारा प्रदेश में 05 नवीन औद्योगिक क्षेत्र बैरसिया, जिला-भोपाल, आष्टा, जिला-सीहोर, तिलगारा, जिला-धार, मेगा औद्योगिक पार्क रतलाम फेस-1, जिला-रतलाम, नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर की कुल 1997.545 हेक्टेयर भूमि को राशि रू. 714.56 करोड़ की लागत से विकसित करने की अनुमति प्रदान की गई है।

इन्दौर-पीथमपुर इन्वेस्टमेंट रीजन अन्तर्गत अधिसूचित क्षेत्र में पीथमपुर सेक्टर-7 की लगभग 610 हेक्टेयर भूमि को कुल राशि रू. 550.00 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है।

